# निबंध प्रतियोगिता में अर्पिता गुप्ता प्रथम और दीनदयाल मीणा दूसरे स्थान पर रहे



नसं| सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी महाविद्यालय सवाई माधोपुर में हर घर तिरंगा व आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एनएसएस की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक भारत में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर शकील अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. मुसव्विर अहमद रहे। इस प्रतियोगिता में अर्पिता गुप्ता बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, दीनदयाल मीणा बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं शिरीन शाकिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दैनिक भास्कर

सवाई माधोपुर 14-08-2022

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली रैली



**सवाई माधोपुर** | शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में हर घर तिरंगा व आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एनएसएस की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर हम्मीर सर्किल से रवाना किया, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई गुजरी और अंत में रैली का समापन कॉलेज के दक्षिण परिसर में हुआ। इस अवसर पर एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना ने विद्यार्थियों को तिरंगे वितरित कर उन्हें तिरंगे का महत्व बताया। रैली में एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका सैनी, प्रोफेसर परीक्षित हाड़ा, महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. गोपाल सिंह, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद राजौरा, प्रो. मल्लूराम मीना, प्रो. अमरनाथ अग्रवाल, प्रो. प्रेम सोनवाल, दीपेंद्र सिंह राजावत सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों को सद्भावना की प्रतिज्ञा दिलाई, राजीव गांधी को याद किया

नसं| सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिवस (20 अगस्त) को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शकील अहमद तथा डॉ. प्रियंका सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना, संकाय सदस्य डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. विजय सिंह जाट, डॉ. जे.के. सिंहल, प्रो. आर.एल. बैरवा, प्रो. परीक्षित हाड़ा आदि ने स्वर्गीय राजीव गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया।

प्राचार्य ने सभी उपस्थित संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को सद्भावना दिवस पर जाति, धर्म, संप्रदाय, भाषा आदि के आधार पर भेदभाव किए बिना समस्त देशवासियों में भावनात्मक एकता एवं सद्भावना बनाए रखने की प्रतिज्ञा दिलवाई। प्राचार्य ने कहा कि हिंसा व तोड़फोड़ आपसी मतभेदों को सुलझाने का तरीका हो ही नहीं सकता। हमें अपने देश की एकता, अखंडता एवं विविधता को बचाए रखने के लिए संवैधानिक तरीके से तथा आपसी बातचीत के जरिए अपने मतभेद सुलझाने चाहिए।



सवाई माधोपुर| बच्चों को सदभावना की प्रतिज्ञा दिलाते कॉलेज प्राचार्य।

## स्वयंसेवकों ने रैली निकाली

सवाई माधोपुर| महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की स्मृति में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी गोवर्धन कुमावत ने बताया कि विद्यालय की संस्था प्रधान ओमप्रभा आर्य ने सभी स्वयंसेवकों को सद्भावना शपथ दिलवाई। इसके बाद स्वयं सेवकों की सद्भावना रैली निकाली गई।


**Office of the Municipal Council Sawai Madhopur, R**

क्रमांक-न.पा.स.मा./ब्राजस्व शा./2022-23/7631 **PUBLIC NOTICE** Form-4 [See Para-6

The licensee ATC Telecome Infrastructure Pvt. Ltd., 2nd Fl Pooja Tower, Near Gopalpura Bypass, Tonk Road, Jaip 302018 has submitted application in this office forgrant permission for erection/installation of telecom tower(GBT the land or building or location mentioned below:-

| S.No. | Location | Ar |
|---|---|---|
| 1 | Sh. Tarachand Meena S/o Prakash Meena, Kh. No.-183, Ashok Nagar, Tonk Road, Kherdha, Sawai Madhopur | 20 Sq. |

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if any b has any objection or suggestion on granting permission installation or establishment of above mentioned tele infrastructure on the land/location above, he may sub objection or suggestion long with supporting documents be the undersigned during office hours on any working day with days of the publication of this notice. In absence of objection/ suggestion within above stipulated time it any deemed that no body has objection and matter will be dispo off accordingly. This notice issued on this day 18.08.2022 u my signature & seal. **Commissioner Municipal Council Sawai Madh**

# खेलों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया




सवाई माधोपुर। वॉलीबॉल मैच में मौजूद खिलाड़ी और प्रोफेसर्स।

नसं| सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी कॉलेज सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शकील अहमद ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया, जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया।

एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हुए विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेल खेलने की अपील की, ताकि वे स्वस्थ एवं शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत बन सके।

प्रोफेसर डॉ. विजय सिंह जाट ने बताया कि खेल गुस्से एवं चिड़चिड़ेपन को दूर कर खुशी का अहसास देता है। डॉ. हनुमान मीना ने बताया कि नियमित रूप से खेल खेलकर हम कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका सैनी ने खेलों के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मनमोहन शर्मा, प्रोफेसर परीक्षित हाड़ा ने भी संबोधित किया।

# पीजी कॉलेज में पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**सवाई माधोपुर|** शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी कॉलेज सवाई माधोपुर में एनएसएस की चारों इकाइयों एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कॉलेज में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाते हुए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली गई। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने वृक्षों की महत्ता से छात्रों को अवगत करवाया तथा उन्हें अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. पूरणमल मीना, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शकील अहमद, डॉ. प्रियंका सैनी, प्रो. मनमोहन शर्मा, प्रो. परीक्षित हाडा, एनसीसी अधिकारी डॉ. मुसव्विर अहमद, डॉ. शाहिद जैदी आदि ने पौधरोपण में सहयोग प्रदान किया।